कार्यालय रिटर्निंग अधिकारी विधानसभा क्षेत्र सिविल लाईन्स(051) एवं सहायक कलक्टर, जयपुर शहर द्वितीय, जयपुर।

(Phone 0141-2204245 Email ID - erocivillines@gmail.com)

क्रमांकः–विसक्षे / सिला / 2023 / 2277 दिनांकः–23.11.2023

अभ्यर्थी

1 श्रीमती नाजमीन बेगम, इंडियन पीपुल्स ग्रीन पार्टी, म.न. 3,अमानीशाह का नाला, वार्ड नम्बर 23, जयपुर।

अन्तिम नोटिस

विधानसभा आम चुनाव 2023 के अन्तर्गत इसं कार्यालय का आदेश क्रमांक विसक्षे / सिला / 2023 / 2001 दिनांक–16.11.2023 द्वारा आपको निर्वाचन व्यय के निरीक्षण हेतु निर्धारित तिथि 17.11.2023, 20.11.2023 एवं 23.11.2023 को व्यय प्रेक्षक के सम्मुख निजी रूप से या अपने निर्वाचित एजेन्ट के माध्यम से मय व्यय रजिस्टर एवं दस्तावेज उपस्थित होना था किन्तु आप उक्त तिथियों पर एक बार भी उपस्थित नहीं हुयें। जिसके पश्चात आपको नोटिस क्रमांकः–विसक्षे / सिला / 2023 / 2085 दिनांक 18.11.2023, क्रमांकः–विसक्षे / सिला / 2023 / 2173–74 दिनांक 20.11.2023 जारी किये गये एवं दूरभाष के माध्यम से भी कई बार सूचित किया गया था किन्तु उक्त नोटिस जारी किये जाने के बावजूद भी आप द्वारा न तो नोटिस का प्रतिउत्तर प्रस्तुत किया गया और ना ही आज दिनांक 23.11.2023 को निर्वाचन व्यय लेखों के निरीक्षण हेतु उपस्थित हुए है।

अतः इस संबंध में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को कारण स्पष्ट करे एवं निर्वाचन व्यय लेखों के निरीक्षण हेतु अंतिम अवसर दिया जाकर आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 24.11.2023 को प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे के मध्य निर्वाचन व्यय लेखों के निरीक्षण हेतु व्यय प्रेक्षक के सम्मुख उपस्थित होवे।

(गौरव बांकावत)
रिटर्निंग अधिकारी
वि0स0 क्षेत्र सिविल लाईन्स (051) एंव
सहायक कलक्टर, शहर–द्वितीय, जयपुर

क्रमांकः–विसक्षे / सिला / 2023 / 2278 दिनांकः–23.11.2023

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ, आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ प्रेषित हैः–

1. श्रीमान जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जयपुर।
2. व्यय प्रकोष्ठ सिविल लाईन्स विधानसभा क्षेत्र चुनाव क्षेत्र, 2023 को सूचनार्थ।
3. रक्षित पत्रावली।

(गौरव बांकावत)
रिटर्निंग अधिकारी
वि0स0 क्षेत्र सिविल लाईन्स (051) एंव
सहायक कलक्टर, शहर–द्वितीय, जयपुर